दिन– सोमवार दिनांक– 30/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य में जमीन सर्वे की समय सीमा एक बार फिर बढ़ाई गई। जुलाई दो हजार छब्बीस तक होगा भूमि सर्वेक्षण का कार्य।

02. सत्तरवीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारियों से मुख्य सचिव ने की बातचीत। पहले दौर की बातचीत बेनतीजा रही।

03. राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा– नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जदयू से कोई गठबंधन नहीं होगा।

04. और, तेज पछुआ हवा के कारण राज्य के अधिकतर भागों में ठंड में बढ़ोतरी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान कल से और गिरेगा पारा।

————————————————————

राज्य में जमीन सर्वे की समय सीमा एक बार फिर बढ़ा दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि भूमि सर्वेक्षण का कार्य करने के लिए जुलाई दो हजार छब्बीस तक समय सीमा निर्धारित की गई है।

———बाईट———

श्री कुमार ने कहा कि भूमि सर्वे का काम बिना किसी विवाद के पूरा कराने के लिए समय सीमा का विस्तार किया गया है।

———बाईट———

————————————————————

बीपीएससी मामलें में आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों ने आज मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा से मुलाकात की। अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को रखा। मुलाकात के दौरान गतिरोध दूर करने के संबंध में कोई निर्णय नहीं हो सका। प्रदर्शन कर रहे परीक्षार्थियों ने आंदोलन समाप्त करने से इनकार कर दिया है। इधर, विरोध

प्रदर्शन के बीच मुख्य सचिव और बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रविमनु भाई परमार ने राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा रद्द किए जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन तेरहवें दिन जारी है। कल गांधी मैदान में छात्र संसद के बाद मार्च निकालने के दौरान पुलिस से झड़प और लाठी चार्ज के विरोध में आज विभिन्न संगठनों ने राज्य के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि चक्का जाम के दौरान प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर रेल और सड़क यातायात को रोकने का प्रयास किया गया है। बंद को वामदलों और कुछ अन्य राजनीतिक दलो ने समर्थन किया है।

————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में बिना इजाजत के छात्र संसद आयोजित करने और हंगामा करने के मामले में जनसुराज पार्टी के संयोजक प्रशांत किशोर समेत इक्कीस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं, सात सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस मामले में प्रशांत किशोर ने आज मीडिया से बातचीत करते हुए सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनपर अभ्यर्थियों को भड़काने का आरोप गलत है। श्री किशोर ने कहा कि जब तक वो धरना स्थल पर मौजूद थे तब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

———बाईट———

इधर, पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव ने भी प्रदर्शनकारी परीक्षार्थियों से मुलाकात की और उनकी मांगों का समर्थन किया। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर मुख्य सचिव से मुलाकात भी की।

———बाईट———

————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री और लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने गतिरोध दूर करने के लिए प्रदर्शनकारी परीक्षार्थियों को वार्ता के लिए बुलाए जाने पर सरकार की

पहल का स्वागत किया है। श्री पासवान ने कहा कि सरकार को युवाओं से संबंधित इस मुद्दे का जल्द समाधान निकाला जाना चाहिए ।

————————————————————

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आंदोलन कर रहे परीक्षार्थियों का समर्थन करते हुए कहा है कि आयोग को फिर से प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा लेनी चाहिए।

———बाईट———

इधर, केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने सरकार के पक्ष का समर्थन करते हुए कहा कि केवल एक केन्द्र पर गड़बड़ी पकड़ी गई है। इसलिए पूरी परीक्षा रद्द करना उचित नहीं है।

———बाईट———

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने आरोप लगाया कि परीक्षा को लेकर तेजस्वी यादव राजनीति कर रहे है।

———बाईअ———

————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी और महावीर मंदिर ट्रस्ट, पटना के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का अंतिम संस्कार आज हाजीपुर स्थित कोनहारा घाट पर किया गया। इससे पहले उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए पटना स्थित आवास पर रखा गया। पार्थिव शरीर को पटना के महावीर मंदिर में भी रखा गया जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शव यात्रा कोनहारा घाट के लिए रवाना हुई। गौरतलब है कि कल दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था। वे चौहत्तर वर्ष के थे।

————————————————————

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज रात नौ बजकर 58 मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। ये उपग्रह कक्षा में अंतरिक्ष यान की डॉकिंग–अनडॉकिंग यानि जोड़ने और अलग करने की प्रक्रिया को दर्शायेंगे। प्रक्षेपण यान पीएसएलवी–सी60 दोनों उपग्रह – एसडीएक्स–1 और एसडीएक्स–2 को 476

किलोमीटर की कक्षा में स्थापित करेगा और स्पेस डॉकिंग की प्रायोगिक प्रक्रिया पूरी करेगा। ठ

———————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि राज्य में सरकार क्रियाशील नहीं है। कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के तहत सीतामढ़ी में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्ववाली जदयू के साथ किसी तरह का गठबंधन नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जदयू को बीजेपी चला रही है।

———————————————————————————

नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आज राजभवन पहुंचे जहाँ राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उनका स्वागत किया। इससे पूर्व पटना हवाई अड्डे पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और अन्य गणमान्य लोगों ने नवनियुक्त राज्यपाल का स्वागत किया। श्री खान ने संवाददाताओं से कहा कि बिहार की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत अतुलनीय है। इसे बनाये रखने और इसके उत्थान के लिए काम करेंगे।

———बाईट———

इधर, राजभवन में अपने सम्मान में आयोजित विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्त्तमान राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि बिहार के लोग परिश्रमी और मेधावी है। श्री आर्लेकर केरल के राज्यपाल नियुक्त किए गए है।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्यमंत्री निर्मला सीतारामन ने वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस के आम बजट के मद्देनजर आज नई दिल्ली में पांचवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वित्त, निवेश और सार्वजनिक परिसम्पत्ति प्रबंधन, आर्थिक कार्य सहित कई विभागों के सचिव, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन

विभाग तथा केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए केन्द्रीय बजट पहली फरवरी दो हजार पच्चीस को संसद में पेश किये जाने की आशा है। यह वित्तमंत्री सीतारामन का लगातार आठवां बजट होगा।

———————————————————————

बिहार और पंजाब पुलिस के संयुक्त दल ने पंजाब के कपूरथला से बचपन बचाओ आंदोलन नामक एक गैर सरकारी संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर 30 बंधुआ मजदूरों को बचाया है। पीड़ितों को बंधक बनाने वाले दो ठेकेदार अभी फरार हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि नाबालिगों में से एक के परिजन ने सीतामढ़ी जिले के पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

———बाईट———

पुलिस सूत्रों के अनुसार इन बचाए गए लोगों में से आठ नेपाल के और 22 बिहार के सीतामढ़ी जिले के बताए गए हैं। पुलिस टीम का नेतृत्व करने वाले डीएसपी दीप करण ने आकाशवाणी को बताया.. बिहार के सीतामढ़ी जिला में दो एफआइआर दर्ज है जो कि बाल मजदूरी के संबंध में है, जिसके संबंध में कल बिहार पुलिस ने सदर कपूरथला पुलिस की फोर्स के साथ कुछ रेड किये जिसमें 11 बच्चों को बरामद किया गया। उन बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर बोर्ड के पेश करने के बाद उनको अपने घर पहुंचने में मदद की जाएगी। जो ठेकेदार इनको यहां पर लाने के लिए जिम्मेदार थे उनकी तलाश अभी जा रही है। नाबालिकों की उम्र 12 से 16 साल के बीच है राजेश बाली, आकाशवाणी समाचार जालंधर।

———————————————————————

तेज पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों के अधिकतर स्थानों पर बादल छाये हुए है। एक दो स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक तापमान में कमी का सिलसिला जारी रहेगा।

———————————————————————

गोपालगंज में आयोजित खेलो इंडिया जूनियर, सब–जूनियर राष्ट्रीय बालिका खो–खो लीग प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। महाराष्ट्र ने दोनों वर्गों को खिताब जीत लिया।

———————————————————————

रेलवे ने श्री गुरुगोविंद सिंह महाराज के तीन सौ अंठावनवें प्रकाश पर्व में शामिल होनेवाली संगत की सुविधा के लिए आज से बारह जनवरी तक बीस जोड़ी ट्रेनों का पटना साहिब स्टेशन पर दो मिनट का ठहराब दिया है।

———————————————————————

जहानाबाद जिला समाहरणालय स्थित सभागार में आज उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार की अध्यक्षता में उद्योगो जगत और बैंकर्स की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

———————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर में भारत–नेपाल सीमा के पास एसएसबी जवानों ने अभियान चलाकर चौबीस सौ बोतल नेपाली शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————

01. राज्य में जमीन सर्वे की समय सीमा एक बार फिर बढ़ाई गई। जुलाई दो हजार छब्बीस तक होगा भूमि सर्वेक्षण का कार्य।

02. सत्तरवीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारियों से मुख्य सचिव ने की बातचीत। पहले दौर की बातचीत बेनतीजा रही।

03. राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा– नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जदयू से कोई गठबंधन नहीं होगा।

04. और, तेज पछुआ हवा के कारण राज्य के अधिकतर भागों में ठंड में बढ़ोतरी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान कल से और गिरेगा पारा।

———————————————————————

समाप्त